## एक नजर में

### नो इंट्री का समय प्रात: 9 से रात्रि 11 बजे तक के विरोध में ट्रांसपोर्ट व्यवसायी 25 नवम्बर से रहेंगे अनिश्चितकालीन हड़ताल पर

**मन्दसौर।** मन्दसौर नगर में भारी वाहनों के नो इंट्री का समय लगभग पूरे दिन प्रात: 9 से रात 11 बजे तक लागू करने के विरोध में मंदसौर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन 25 नवम्बर से स्वैच्छिक अनिश्चित काल के लिये हड़ताल पर रहेंगे। मंदसौर ट्रांसपोर्ट एसोसिऐशन के अध्यक्ष सुरेशसिंह शेखावत ने बताया कि वर्तमान में नौ इंट्री का समय लगभग पूरे दिन सुबह 9 से रात 11 बजे तक लागू कर दिया है। इस लम्बी अवधी के कारण ट्रांसपोर्ट व्यवसासियों को गाड़ी लोडिंग अनलोडिंग में बहुत परेशाी हो रही है व आर्थिक नुकसान हो रहा है। इस संबंध में पूर्व में सांसद, विधायक, जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी को इस समस्या से अवगत करा चुके है जिनके द्वारा आश्वासन देने के बाद भी अभी तक इस समस्या का निराकरण नहीं किया गया है। जिस पर मंदसौर ट्रांसपोर्ट एसोसिऐशन ने निर्णय लिया है कि अगर 24 नवम्बर तक इस समस्या का समाधान नहीं होता है तो सब परचुन ट्रांसपोर्ट व्यवसायी 25 नवम्बर से स्वैच्छिक अनिश्चित काल के लिये हड़ताल पर रहेंगे।

### ग्राम टीलाखेडा में गोदाम एवं दुकान निर्माण हेतु भूमि आवंटन पर अभिमत 4 दिसंबर तक आमंत्रित

**मंदसौर।** तहसीलदार मल?हारगढ़ ने बताया कि नगर परिषद पिपल?यामंडी द्वारा गोदाम एवं दुकान निर्माण के लिए ग्राम टीलाखेडा में स्थित शासकीय भूमि आबंटित करने हेतु आवेदन प्रस्?तुत किया गया है। ग्राम टीलाखेडा में सर्वे नंबर 54/2/3 एवं रकबा 0 .0429 हेव?टेयर भूमि के आवंटन का प्रस्?ताव है। इस संबंध में आपत्तियाँ अथवा अभिमत 4 दिसंबर तक प्रस्?तुत कर सकते हैं।

### मंदसौर जिले में ब्लॉक स्तरीय क्क्र-2 प्रशिक्षण शिविर संपन्न, सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने लिया प्रशिक्षण




**मंदसौर।** मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी मंदसौर द्वारा सुवासरा विधानसभा क्षेत्र में 19 नवंबर को ब्लॉक स्तरीय क्क्र-2 प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए गए। कयामपुर, सीतामऊ, सुवासरा और शामगढ़ ब्लॉकों में हुए इन शिविरों में निर्वाचन आयोग के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण (स.द्व.क्र.) कार्यक्रम को प्रभावी बनाने पर जोर दिया गया। शिविरों में नवनियुक्त क्क्र-2, मंडल प्रभारी, सेक्टर अध्यक्ष, जनप्रतिनिधि, महिला नेत्रियां व विभिन्न प्रकोष्ठों के ब्लॉक अध्यक्षों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों को मतदाता सूची में नाम जोड़ने-हटाने, संशोधन, फॉर्म 6, 7, 8, 8 की प्रक्रिया, डुप्लीकेट व मृत मतदाताओं की पहचान और ऑनलाइन-ऑफलाइन कार्यप्रणाली पर विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला प्रभारी मनोज राजानी, जिला अध्यक्ष महेन्द्र सिंह गुर्जर, प्रशिक्षक प्रभारी के.एल.जी. गोसर, विधानसभा प्रत्याशी राकेश पाटीदार, जिला पंचायत सदस्य जगदीश धनगर सहित वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे।

### जावद में मोरका मोड़ पर तेज रफ्तार कार पलटी



**जावद।** थाना क्षेत्र के नीमच रोड स्थित मोरका मोड़ पर एक तेज रफ्तार कार अचानक बेकाबू होकर खाई में पलट गई। गुरुवार दोपहर को हुए हादसे में मंदसौर निवासी 20 वर्षीय युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि कार में साथ बैठी एक युवती को भी चोट आईं। दोनों का जावद सिविल अस्पताल में इलाज जारी है। पुलिस के अनुसार सफेद रंग की डस्टर कार (ऋ्व 27 ष्ट्ठ 0254) सुवाखेड़ा की ओर से जावद की तरफ आ रही थी। मोरका मोड़ पर आते ही तेज रफ्तार के चलते ड्राइवर का कार पर नियंत्रण बिगड़ गया और कार सड़क से नीचे उतरकर कई बार पलट गई। हादसे में कार चला रहे अरविंद पिता गट्टू सिंह राजपूत (20), निवासी ग्राम चिकला, जिला मंदसौर को हाथ-पैर में गंभीर चोट आईं। वहीं कार में सवार युवती भी घायल हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही डायल-112 की टीम मौके पर पहुंची। पुलिसकर्मियों और राहगीरों की मदद से घायल युवक और युवती को कार से बाहर निकाला गया और तुरंत जावद सिविल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां दोनों का उपचार जारी है। हादसे के बाद मोरका मोड़ पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई।

### संभाग स्तरीय युवा उत्सव में नीमच जिले का शानदार प्रदर्शन, 22 विधाओं में प्रतिभा दिखाकर अव्वल रहा जिला




**नीमच।** सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय, उज्जैन में आयोजित संभाग स्तरीय युवा उत्सव में नीमच जिले की टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। जिले के छात्रदृछात्राओं ने कुल 22 विधाओं में अपनी प्रतिभा एवं उत्साह का बेहतरीन प्रदर्शन कर नीमच का परचम लहराया। जाजू कन्या महाविद्यालय, नीमच की छात्रा कुमारी हर्षिता बोरीवाल ने कोलाज प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल किया। कार्टूनिंग में कुमारी निषाद हामिद द्वितीय स्थान पर रहीं, जबकि क्ले मॉडलिंग प्रतियोगिता में कोमल मेहरा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। रंगोली प्रतियोगिता में कुमारी ईशा सोनी ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर अपनी कला का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। संगीत विधा में कुशन विद्या के तहत विवेकानंद महाविद्यालय, नीमच के तुषार अंशु कनिक ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वाद-विवाद (विपक्ष पक्ष) में शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामपुर की चेरी विनोद ने प्रथम स्थान हासिल कर जिले का गौरव बढ़ाया। नीमच जिले की युवा उत्सव टीम के मैनेजर के रूप में डॉ. रश्मि हरित, प्रो. संजय बिजोलिया, डॉ. अमृता सोनी, डॉ. मद्रुआ अहिरवार एवं डॉ. बोहरा पूरे कार्यक्रम के दौरान उपस्थित रहे और प्रतिभागियों का मार्गदर्शन किया। इस अवसर पर चिन्हित महाविद्यालय श्री सीताराम जाजू कन्या महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. प्रतिभा कलानी समेत पूरे महाविद्यालय परिवार ने सभी प्रतिभागियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

# हर माता-पिता का दायित्व है बच्चों का टीकाकरण कराना : खींची

**▸ सर्व रोग निदान शिविर एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित**




**अडमालिया/नाहरगढ़। कलेक्टरअदिती गर्ग के मार्गदर्शन में एवं सीएमएचओ डॉ. जी.एस. चौहान तथा जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. सुरेश सोलंकी के सानिध्य में नापाखेड़ा और अडमालिया (ब्लॉक मल्हारगढ़) में सर्व रोग निदान शिविर एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।**

शिविर का शुभारंभ सरपंच करण सिंह दायमा एवं दशरथ सिंह सोनगरा ने किया। शिविर में शुगर, बीपी सहित विभिन्न स्वास्थ्य जांचें की गईं।

स्वास्थ्य विभाग के जगदीश खीची ने टीकाकरण पर जोर देते हुए कहा कि कोई भी बच्चा एवं गर्भवती महिला टीकाकरण से वंचित न रहे। उन्होंने जन्म से लेकर 16 वर्ष तक लगने वाले सभी अनिवार्य टीकों की जानकारी देते हुए कहा कि समय पर टीकाकरण बच्चों को गंभीर बीमारियों से बचाता है। उन्होंने बताया कि शिविर में निक्षय वाहन के माध्यम से एक्स-रे जांच भी की जा रही है, जिससे संभावित संक्रमण का तुरंत निदान हो सके।

खीची ने कहा कि नेत्रदान से बड़ा कोई दान नहीं, समाज के जनप्रतिनिधियों को इस दिशा में लोगों को प्रेरित करना चाहिए। उन्होंने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने, मोटापे से बचने और समय-समय पर स्वास्थ्य परीक्षण कराने की अपील की।

शिविर में एसटीएस मनीष परमार, सीएचओ राहुल चौधरी, समरथ डांगी, एएनएम, एक्स-रे टेक्नीशियन विवेक तुगनावत, अजय पटेल, आशा एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आभार स्वास्थ्य विभाग की ओर से जगदीश खीची ने व्यक्त किया।



## जेसीबी से हटाए गए पक्के एवं कच्चे निर्माण

**गरोठ। नगर परिषद गरोठ द्वारा गुरुवार, 20 नवंबर 2025 को पुलिस बल की उपस्थिति में शहर में व्यापक अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। गांधी चौक से आगे मुकद्दर का सिकंदर मिष्ठान भंडार के पास रोड पर बनी टापरी और पक्का अतिक्रमण को जेसीबी मशीन से हटाया गया।**

इससे पहले भी परिषद ने रिसाले में तीन दिनों तक अभियान चलाकर लगभग 4.50 करोड़ रुपये मूल्य की शासकीय भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया था।

अभियान में नगर परिषद अध्यक्ष राजेश सेठिया, उपाध्यक्ष महेश मालवीय, मुख्य नगर पालिका अधिकारी गिरीश शर्मा, सभापति सतीश गुजराती, पार्षद अर्जुन सोलंकी, पार्षद प्रतिनिधि धर्मेंद्र शर्मा, उपयंत्री राहुल गणावा सहित नगर परिषद टीम, सफाई कर्मी एवं पुलिस बल मौजूद रहा।

अभियान के दौरान नगर के मुख्य मार्गों पर किए गए अतिक्रमण हटाए गए।

## जिला स्तरीय पूर्व सैनिक सम्मेलन 28 नवंबर को आयोजित होगा

**मंदसौर।** जिला सैनिक कल्याण अधिकारी संजय दीक्षित ने बताया कि जिला सैनिक कल्याण बोर्ड का जिला स्तरीय पूर्व सैनिक सम्मेलन समारोह 28 नवंबर 2025 को कुशाभाऊ ठाकरे प्रेक्षागृह, मंदसौर में आयोजित किया जाएगा। इस जिला स्तरीय पूर्व सैनिक सम्मेलन समारोह का उद्देश्य, जिला सैनिक कल्याण कार्यालय एवं विभिन्न एजेंसियों के माध्यम से पूर्व सैनिकों, विधवाओं और वीर नारियों के उत्थान एवं सहायता के लिए केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार करना है। साथ ही कार्यक्रम में पूर्व सैनिकों, वीर नारियों एवं शहीद सैनिकों की विधवाओं को एक मंच पर लाकर उनकी व्यक्तिगत समस्याओं के निवारण हेतु संबंधित विभागों एवं हितधारकों के साथ संवाद स्थापित करने का अवसर भी प्रदान किया जाएगा।

## सर्वोत्कृष्ट परिणाम प्राप्त करने वाले विद्यार्थी हुए पुरस्कृत

**▸ उत्कृष्ट विद्यालय में पालक शिक्षक संघ की बैठक आयोजित**



**मन्दसौर।** शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय मंदसौर में पालक शिक्षक संघ की बैठक आयोजित की गई बैठक की अध्यक्षता प्राचार्य रविंद्र कुमार दवे ने की । विभिन्न पालकों द्वारा अच्छे परीक्षा परिणाम के लिए प्राचार्य एवं शिक्षकों को बधाई दी और अभिभावकों ने परीक्षा परिणाम बेहतर बनाने के लिए शिक्षकों के साथ मिलकर योजना बनाई है जिसमें निरंतर विद्यालय में शिक्षक और घर पर अभिभावक विद्यार्थियों की मॉनिटरिंग करेंगे एवं नियमित उपस्थिति विद्यालय में विद्यार्थी की हो यह सुनिश्चित करने का वचन भी अभिभावकों ने दिया है और पिछले वर्ष के परीक्षा परिणाम जो शत प्रतिशत रहा है इस वर्ष भी शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम स्थापित करने की बात उन्होंने कही है।

प्राचार्य दवे ने कहा है कि उत्कृष्ट विद्यालय अपनी उत्कृष्ट व्यवस्थाओं के अतिरिक्त श्रेष्ठ परिणाम के लिए जाना जाता है शासन प्रशासन एवं आम नागरिक की उत्कृष्ट विद्यालय से हमेशा से श्रेष्ठ परिणाम की अपेक्षा रही है जिसे देने के लिए विद्यालय के दोनों प्रमुख अंग मिलकर प्रयास करेंगे ।

कार्यक्रम में कक्षा 9वी से 12वीं तक अर्धवार्षिक परीक्षा में सर्वोत्कृष्ट परिणाम प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार और प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

स्वागत उद्बोधन परीक्षा प्रभारी विजय जोशी ने प्रस्तुत किया। संचालन आशीष बंसल ने तथा आभार प्रदर्शन अमजद वारसी ने किया।

कार्यक्रम में उत्कृष्ट विद्यालय के वरिष्ठ व्याख्याता बाबूलाल जोशी, ममता मोदी, अनिल जैन तथा समस्त स्टाफ सदस्य उपस्थित थे।

## इनोवेटिव इंजीनियरिंग एंड कम्प्यूटेशनल टेक्नोलॉजी पर विचार साझा



**मंदसौर।** मंदसौर विश्वविद्यालय में 'इनोवेटिव इंजीनियरिंग एंड कम्प्यूटेशनल टेक्नोलॉजीज ' विषय पर तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। यह सम्मेलन फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी तथा फैकल्टी ऑफ कंप्यूटर साइंस एंड एप्लीकेशन द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया जा रहा है।

यह महत्वपूर्ण आयोजन मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद , भोपाल द्वारा प्रायोजित किया गया । परिषद का उद्देश्य प्रदेश में विज्ञान, तकनीक और नवाचार आधारित शोध को बढ़ावा देना है। परिषद के सहयोग से आयोजित यह सम्मेलन विश्वविद्यालय की शैक्षणिक और अनुसंधान क्षमता को सुदृढ़ करने की दिशा में एक अहम कदम माना जा रहा है।

सम्मेलन में कृत्रिम बुद्धिमत्ता, डेटा साइंस, साइबर सुरक्षा, सॉफ्टवेयर इंजीनियरिंग, कम्प्यूटेशनल मॉडलिंग सहित अनेक उभरते तकनीकी क्षेत्रों पर शोध पत्र प्रस्तुत किए गए।

विशिष्ट सत्रों में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञ नई तकनीकों, शोध प्रवृत्तियों और वैश्विक परिदृश्य पर अपने विचार साझा किए ।इसमें थाईलैंड,,इंदौर के वक्ता ने ज्ञान और शोध का अनुभव प्रदान किया।

इस अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में देश-विदेश से प्रतिष्ठित वक्ता डॉ. सूप्पावोंग तुआरोब, महिदोल यूनिवर्सिटी, थाईलैंड,,डॉ. नेमिनाथ हुब्बल्ली, आईआईटी इंदौर शामिल हुए ।मंदसौर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (डॉ.) राजीव आर. ठाकुर ने कहा कि केवल तकनीकी नवाचारों को साझा करने का मंच नहीं है, बल्कि शोधकर्ताओं और विद्यार्थियों को वैश्विक स्तर पर सीखने, समझने और शोध संस्कृति को मजबूत करने का बेहतर अवसर प्रदान किया। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह सम्मेलन सभी प्रतिभागियों के लिए अत्यंत उपयोगी और प्रेरणादायी सिद्ध हो रहा।

कार्यक्रम को विश्वविद्यालय के इंटरनल क्वालिटी अश्योरेन्स सेल , इंस्टीट्यूशन इनोवेशन काउंसिल , शिक्षा मंत्रालय का सहयोग प्राप्त है। सम्मेलन में प्रस्तुत शोध पत्रों को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय जर्नल्स में प्रकाशित करने की योजना है।

## जिला स्तरीय जैवविविधता क्विज के लिए स्कूलों को किया गया आमंत्रित

**मंदसौर।** वनमण?डलाधिकारी द्वारा बताया गया कि 'म.प्र. राज्य जैवविविधता क्विज कार्यक्रम-2025 का आयोजन म.प्र. राज्य जैवविविधता बोर्ड भोपाल एवं वन विभाग के संयुक्त तत्वाधान में जिला स्तरीय क्विज कार्यक्रम का आयोजन 25 नवंबर 2025 को जिला मुख्यालय मन्दसौर पर ऑफ लाईन किया जावेगा। जिला स्तरीय कार्यक्रम हेतु वनमण्डल कार्यालय, महू नीमच रोड़ मन्दसौर में विद्यालय टीम (कक्षा-9 वी से कक्षा-12 वी तक के विधार्थी हेतु) का पंजीयन 24 नवंबर 2025 तक किया जाएगा। जिला स्तर पर न्युनतम 100 टीमो के पंजीयन का लक्ष्य रखा गया है। इसलिए पंजीयन हेतु सभी स्कूल जल्द से जल्द अपना पंजीयन करवाये। पंजीयन पहले आओ पहले पाओ के आधार पर होगा। अधिक जानकारी के लिए वनमण्डल कार्यालय, महू नीमच रोड़ मन्दसौर पर कार्यालयीन समय पर सम्?पर्क करें।




## बेटी शिक्षित होती है तो परिवार, समाज शिक्षित होता है

**▸ वन स्टॉप सेंटर में हब की मासिक गतिविधि का हुआ आयोजन**

**मन्दसौर।** जिला हब फॉर एम्पावरमेंट ऑफ वूमेन (डीएचईडब्ल्यू) के अंतर्गत वन स्टॉप सेंटर मंदसौर में हब की मासिक गतिविधि का आयोजन किया गया। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओं के बारे में जागरूक किया गया, इस पहल का लक्ष्य लड़कियों के प्रति सामाजिक भेदभाव को समाप्त करना, उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करना, शिक्षा और सामाजिक भागीदारी को बढ़ाना है। व समाज में लड़कियों की शिक्षा और सशक्तिकरण को बढ़ावा देना है। स्कूलों में बालिकाओं के लिये अनुकूल सुरक्षित वातावरण बनाना, जिससे बालिका निर्भिक होकर पढ़ सके क्योंकि बेटी शिक्षित होती है तो परिवार, समाज शिक्षित होता है।

उक्त कार्यक्रम में वन स्टॉप सेंटर प्रशासक रेखा चौहान, काउंसलर निर्मला चौहान, केसवर्कर सीमा गौड़, फरजाना रंगरेज, निर्मला भाटी, आई.टी. वर्कर विजयसिंह चौहान, नेहा बैरागी, राधा परमार, सीमा पंवार आदि उपस्थित रहे।




## 50 ठिठुरते जरूरतमंदों को लायंस क्लब ने कंबल प्रदान किए

**मन्दसौर। लायंस क्लब मन्दसौर ने 19 नवंबर की रात को 50 ठिठुरते जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए। इस सेवा प्रकल्प का आयोजन समाजसेवी राजेश पारीख के सहयोग से किया गया। क्लब द्वारा लाभार्थियों में राजेश पारीख, रीता पारीख का बहुमान किया।**

क्लब अध्यक्ष रत्नेश कुदार ने इस पहल को क्लब की सामाजिक प्रतिबद्धता का उदाहरण बताते हुए कहा कि ंड के मौसम में बेसहारा लोगों की मदद करना हमारा प्राथमिक दायित्व है। ठंड से जूझ रहे लोगों को राहत देना हमारे लिए गर्व की बात है।

कार्यक्रम के दौरान क्लब सचिव डॉ. विक्रांत भावसार ने राजेश पारीख को सहयोग के लिए विशेष आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर क्लब के डॉ. देवेंद्र पुराणिक, सुभाष बग्गा, विकास भण्डारी, सुनील बाफना, शैलेन्द्र चोरडिया, जयप्रकाश बाहेती, डॉ. अशोक सोलंकी, डॉ. दीपक अग्रवाल, उत्तम जैन, मयूर सुराणा, अंकुश सोनगरा आदि उपस्थित रहे।

**एक नजर** ▸ **उपधान तप में आराधकों ने किया संयम साधना का अभ्यास**

## विर्ती के लिए वीरता चाहिए : आचार्य निपुणरत्न विजय



**पिपलियामण्डी।** बही पार्श्वनाथ तीर्थ पर इन दिनों उपधान तप की आराधना चल रही है, जिसमें आराधक आत्मशुद्धि, संयम और मोक्षमार्ग की साधना में लीन हैं। इसी क्रम में आयोजित प्रवचन में आचार्य निपुणरत्न विजय मसा ने कहा कि 'आत्मिक सुख के लिए संजम जीवन सर्वोत्तम है, लेकिन संयम धारण करने के लिए अदम्य आत्मबल की आवश्यकता होती है।

विर्ती के लिए वास्तव में वीरता चाहिए।' आचार्यश्री ने अपने प्रवचन में कहा कि मानव जीवन केवल सांसारिक भोग-विलास के लिए नहीं, बल्कि आत्मकल्याण के लिए मिला है। उन्होंने जोर देकर कहा कि मनुष्य के पास संयम शक्ति है, जबकि देवों के पास भी विर्ती नहीं होती। इसीलिए मानव वही सिद्धि प्राप्त कर सकता है, जो देव भी नहीं कर पाते। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा 'मकान, कपड़े, गाड़ी बदलना आसान है, परंतु पापवर्ती रोकना अत्यंत कठिन कार्य है। इच्छाओं पर नियंत्रण ही वास्तविक वीरता है।' आचार्यश्री ने आराधकों को लक्ष्य निर्धारित करने और संपूर्ण ऊर्जा के साथ पुरुषार्थ करने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि 'भावना से भाव उत्पन्न होते हैं और दृढ़ भावना से सिद्धि का मार्ग प्रशस्त होता है। उपधान तप संयम की साधना का उत्प्रेरक है। यह मोक्ष का नेशनल हाईवे है और इस मार्ग पर गुरु हमारी जीवन-यात्रा के सारथी होते हैं।'

प्रबंधन प्रमुख ज्योति चौरड़िया ने जानकारी दी कि उपधान तप अपने महत्वपूर्ण चरण में प्रवेश कर चुका है। आराधकों को चौकीये और छक्कीये की क्रिया कराई गई, जो संयम-साधना के अहम हिस्से हैं। अब आगे आयंबिल, उपवास और अन्य अनुशासनात्मक क्रियाएं प्रतिदिन जारी रहेंगी। उन्होंने बताया कि प्रतिदिन भक्तों और तीर्थ-प्रेमियों द्वारा आरती, प्रभु भक्ति और विशेष अनुष्ठान किए जा रहे हैं। साधना के माहौल से पूरा परिसर आध्यात्मिक ऊर्जा से परिपूर्ण दिखाई दे रहा है।